<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल सर्वोच्च न्यायालय की अस्सी हजार फैसलों के अनुवाद की पहल की सरहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि टेली लॉ योजना से विवादों का शीघ्र समाधान होगा।
- आर एस एस प्रमुख मोहन भागवत ने अटठारह सौ संतावन की एकता का उदाहरण देकर सामाजिक सदभाव बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने समाज में समरसता बढ़ाने के लिए संवाद पहल की घोषणा की।
- उप राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने उतराखंड स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को सशक्त करने का है।
- कृषि विभाग ने शुरू किया घर घर पौध सामग्री वितरण अभियान। डिगलीपुर में किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले फलों और मसालों के पौधे उपलब्ध कराए गए।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सामाजिक न्याय तभी सुनिश्चित हो सकता है जब हर व्यक्ति को, उसकी सामाजिक या आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, न्याय मिले। वह कल सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली में आयोजित कानूनी सहायता वितरण तंत्र को सुदृढ़ बनाने पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कानूनी सहायता न्याय तक सभी की समान पहुँच सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि लोक अदालतों और मुकदमे–पूर्व समझौतों के माध्यम से लाखों मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान हुआ है। उन्होंने केंद्र सरकार की कानूनी सहायता बचाव परामर्श प्रणाली का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके तहत तीन वर्षों में लगभग आठ लाख आपराधिक मामलों का निपटारा किया गया है। श्री मोदी ने कानूनी दस्तावेजों को स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध कराने और "न्याय में सुगमता" को "जीवन और व्यापार में सुगमता" से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अस्सी हजार से अधिक निर्णयों का अटठारह भारतीय भाषाओं में अनुवाद किए जाने की सराहना की।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि वे समाज में विभाजन को समाप्त करने के लिए संवाद की पहल करेंगे। कल बेंगलुरु में 'संघ की 100 वर्ष यात्रा – नए क्षितिज' विषय पर व्याख्यान श्रृंखला के एक भाग के रूप में बोलते हुए, उन्होंने कहा कि वे समाज में विभाजन को पाटकर

सामाजिक समरसता के लिए काम करेंगे। उन्होंने बताया कि अटठारह सौ संतावन के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, हिंदू और मुसलमान दोनों ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता के लिए एकजुट हुए थे। श्री भागवत ने कहा कि अंग्रेजों ने इस एकता को अपने शासन के लिए खतरा समझा और भारतीय समाज में विभाजन को बढ़ाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि आर एस एस इस तरह के विभाजन को समाप्त करने के लिए एक आउटरीच कार्यक्रम शुरू करेगा। श्री भागवत ने कहा कि संगठन सद्भावना कार्य के तहत ब्लॉक स्तर पर जातिगत नेताओं और धार्मिक संप्रदायों के प्रमुखों से संपर्क करेगा। इसका उद्देश्य समुदाय का उत्थान और समस्याओं व संघर्षों का समाधान करना है। उन्होंने नागरिक समाज से सामाजिक समरसता के लिए अपनी क्षमता के अनुसार योगदान देने का आह्वान किया।

<><><><><><><>

सरदार वल्लभभाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत और मध्योत्तर अंडमान जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में मयाबंदर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दानापुर जंक्शन से मिनी स्टेडियम तक पदयात्रा से हुई। इस अवसर पर सहायक आयुक्त एस. कृष्ण चैतन्य मुख्य अतिथि एवं वन अधिकारी लता हेज प्रसाद अतिथि थीं। छात्रों द्वारा देशभक्ति और एकता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। निबंध, वाद–विवाद, क्विज़ और स्वच्छता अभियानों के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मायाबंदर के प्रधान के.चित्रवेलु सभी प्रतिभागियों और विभागों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

<><><><><><><>

उत्तराखंड स्थापना दिवस के अवसर पर उप राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने राज्यवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी गई हैं, विशेष रूप से उन लोगों को जो अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में निवास करते हैं। उप राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि यह अवसर उत्तराखंड राज्य की अद्भुत प्रगति, दृढ़ता और एकता की यात्रा पर विचार करने का समय है। हिमालय की गोद में बसा यह राज्य न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का प्रतीक है, बल्कि आध्यात्मिक विरासत, समृद्ध संस्कृति और प्राचीन परंपराओं का भी खज़ाना है। उत्तराखंड स्थापना दिवस का यह अवसर हमें 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और सशक्त करने का अवसर देता है। यह दिन हमें प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के विज़न को साकार करने के लिए प्रेरित करता है।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल. कुमार ने जानकारी दी है कि मतदाताओं की सुविधा के लिए voters.eci.gov.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन मतगणना फॉर्म भरने की सुविधा शुरू की गई है। ऑनलाइन आवेदन के लिए मतदाता पोर्टल पर जाकर Fill Enumeration Form विकल्प चुनना होगा। निर्वाचन विभाग ने स्पष्ट किया है कि आधार कार्ड और मतदाता पहचानपत्र पर नाम समान होना चाहिए, अन्यथा संबंधित बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से ऑफलाइन फॉर्म जमा करना होगा।

<><><><><><><>

सतत कृषि एवं आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा द्वीप समूह के विभिन्न कृषि क्षेत्रों में किसानों के घर–घर जाकर फलों और मसालों की उच्च गुणवत्ता वाली पौध सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है। इस पहल की शुरुआत डिगलीपुर क्षेत्र में छ नवम्बर से की गई है, और यह कार्य अब भी जारी है ताकि अधिक से अधिक किसानों तक यह पौध सामग्री पहुँच सके। यह वितरण अभियान सभी कृषि क्षेत्रों में चलाया जा रहा है ताकि क्षेत्र विशेष की जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री किसानों को उपलब्ध कराई जा सके। किसानों को वैज्ञानिक ढंग से फल एवं मसाला फसलों की खेती के तरीकों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। किसानों को केंद्रीय प्रायोजित योजना – मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

<><><><><><><>

नगरपालिका द्वारा राजस्व बढ़ाने और नागरिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए वार्ड नं. एक से तीन में विशेष कर संग्रह अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान हैड्डो कम्युनिटी हॉल और अनारकली कम्युनिटी हॉल में आयोजित हुआ। इस दौरान नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से कुल एक करोड़ निन्यानब्बे लाख अठासी हजार दौ सौ साठ रूपए की कर राशि संग्रहित की गई। नगरपालिका ने नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि अगला विशेष कर संग्रह अभियान पन्द्रह नवम्बर को वार्ड नं. चार और जेई–III साइट ऑफिस, मोहनपुरा में आयोजित किया जाएगा। नगरपालिका अध्यक्ष ने जनता से अपील की कि वे समय पर कर भुगतान कर नगर विकास में सहयोग दें।

<><><><><><><>